## खबर संक्षेप

### विधायक चौरे ने किया स्मार्ट क्लास का लोकार्पण



**सौंसर।** बुधवार को शास हाई स्कुल जाम में लगभग 235000 की लागत से मिली हुई स्मार्ट क्लास का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंविधायक विजय रेवानाथ चौरे थे,लंबे समय से शाला परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के द्वारा यहां पर स्मार्ट क्लास की मांग की जा रही थी जिसे विधायक विजय चौरे के प्रयासों से पूरा किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ पर विधायक विजय चौर के द्वारा 2.35 लाख रूपये की स्मार्ट क्लास का लोकापर्ण करते हुए कहा कि मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के बच्चों को बेहतर आधुनिक एवं उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त हो, निरंतर सौसर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के कक्षाओं को स्मार्ट क्लास उपलब्ध कराते हुए बच्चों से अपेक्षा करता हूं कि वह अधिक से अधिक मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने परिवार क्षेत्र समाज और प्रदेश का नाम रोशन करें।

### भविष्य से भेंट संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सौंसर।** नगर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर में बुधवार को भविष्य से भेंटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया,आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों के द्वारा शालेय छात्राओ से संवाद किया। कार्यक्रम मे पूर्व शालेय शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड ने छात्राओ को कुंमकुम तिलक लगाकर स्वागत कर निशुल्क पुस्तकों का वितरण कर उनसे आत्मीय भविष्य के प्रति शैक्षणिक संवाद स्थापित किया । इस अवसर पर श्री मोहोड ने कहा कन्या शाला मे इंग्लिश मीडियम के शुरू होने से लड़कियो को अब परेशान नही होना पड़ेगा तथा वे अपनी पढाई इस संस्था मे इंग्लिश मिडियम मे अच्छे से कर सकेंगी।

## कुर्सीढाना में वन अमले ने पकड़ा रेत का मिनी ट्रक, हंड्रेड डायल की मदद से राजस्व को सौंपा

# कुआंबादला सर्कल के जंगल की नदियों से निकल रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



अब ऐसे लगने लगा है कि तामिया में देलाखारी के आसपास के राजस्व एवं वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत की चोरी तो लगातार होती चली आ रही है जिसे रोकने के लिए पिछले सप्ताह खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठावरे ने रेत चोरी के वाहन पकड़ने का प्रयास किया था। लेकिन रेत माफिया ने उन पर हमला कर रेत का वाहन लेकर फरार हो गए और इस तरह खनिज निरीक्षक अपने आप को सारे अधिकार शासन से मिले होने के बाद भी असहाय नजर आई।

उन्हें विभाग का सहयोग भी नहीं मिलाऔर रेत चोर के खिलाफ केवल आवेदन देकर सारी मुसीबत से अपने आप को अलग करने में ही उन्होंने भलाई समझी। इस तरह रेत चोरों के आगे खनिज विभाग एवं रेत चोरी पकड़ने बनी टास्क फोर्स असहाय नजर आई और सारे अधिकारी रेत चोरी पकड़ने के बजाय अपने आप को सुरक्षित बचाने में ज्यादा विश्वास रख रहे। इसी के दम पर रेत चोरी का सिलसिला अब रेत चोरी करने वाले बेफिक्र होकर रेत के वाहन निकाल रहे हैं, उन्हें मालूम है कि प्रशासन दहशत में है और हमारी रेत पकड़ना अब अधिकारियों के बस में नहीं है और वह जमकर रेत के वाहन वन भूमि एवं राजस्व की भूमि से निकाल रहे हैं, लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात कुर्सीढाना के पास रेत का मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 51 जी 1544 के अलावा रेत से भरे कई वाहन भूरा भगत मार्ग से आ रहे थे, जहां नाकेदार ने उक्त रेत के ट्रक को रोका उसे कुआं बादला वन चौकी तक ले गया।

लेकिन नाकेदार पर राजनीतिक दबाव आया और उसने उक्त ट्रक को देलाखारी हंड्रेड डायल के माध्यम से तामिया थाने में खड़ा किया, जहां पर नायब तहसीलदार द्वारा अवैध रेत परिवहन का ट्रक पर प्रकरण बनाकर कार्रवाई की गई। इस तरह बीती रात पकड़े गए वाहन से स्वयं सिद्ध हो गया कि रेत की चोरी रुकने के बजाएं दो गुनी गति से हो रही है।

## नहीं बन पा रहे कच्चे से पक्के मकान

# पीएम आवास योजना में नाम आने के बाद भी वंचित हैं हितग्राही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद भी ग्रामीण हितग्राहियों के कच्चे से पक्के मकान नही बन पा रहे है। संबधित अधिकारियों के द्वारा हितग्राहियों को आवास योजना अंतर्गत राशि नही दिए जाने से जहां गरीब हितग्राही लाभान्वित नही हो रहे तो वही केंद्र सरकार की योजना अधर में दिख रही है। वही ग्रामीणों ने बताया की जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान इस ओर नहीं है। गौरतलब है कि सिंगोड़ी ग्राम पंचायत में वर्ष 2018 के सर्वे के अनुसार सात वर्ष बाद करीब 239 गरीब हितग्राहियों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रता के अनुसार वर्ष 2024–25 में आए हुए है मगर वर्ष 24 बीत जाने के बाद भी आवास योजना में राशि जारी नही होने से गरीब आवासहीनो सहित हितग्राहियों के कच्चे मकान से पक्के नही हो सकें। इस बात को लेकर सिंगोड़ी के हितग्राहियों में आवास योजना में राशी जारी नही होने और फिर से पात्रता कैंसिल होने का काफी डर सता रहा है। वही ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं माननीय सांसद और विधायक तथा अन्य से उक्त योजना अंतर्गत राशी जारी करवाने का निवेदन की है।

### चार केटेगिरी में बांटे हितग्राहियों को

प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सिंगोड़ी ग्राम पंचायत में चयनित हितग्राहियों को चार केटागिरी में बाटे गए थे जिसमे आदिवासी वर्ग हरिजन वर्ग सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग सामिल है। वर्ष 2018 के सर्वे अनुसार तीन वर्गों के हितग्राहियों को आवास बनाने राशि जारी कर दिया गया जिससे इन वर्गों के मकान लगभग बनकर तैयार हो है। मगर अल्पसंख्क वर्ग खासकर मुस्लिम और जैन समाज उक्त राशि जारी होने पर कच्चे मकान से पक्के मकान बनाने तथा आवासहीन परिवार अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में जनपद स्तर के अधिकारी को मालूम ही नहीं की प्रधानमंत्री आवास योजना में इतने हितग्राहियों के नाम है। हालाकि सिंगोड़ी पंचायत में 239 जिन हितग्राहियों के नाम प्रतीक्षा सूची में दर्ज है उनकी प्रमाणित जानकारी हमारे पास सुरक्षित हैं।

### इनका कहना है

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 239 हितग्राहियों के नाम वर्ष 2018 के सर्वे अनुसार 24–25 में चयनित हुए है। मगर लंबे समय से इनकी राशि शासन स्तर से जारी नही हुई है। हम जनपत और जिला पंचायत से उक्त राशि के संबध में जानकारी जुटा रहे है की राशि कब जारी होगी।

कपिल ठाकुर सरपंच
ग्राम पंचायत सिंगोड़ी

आप ब्लाक समन्वयक आवास एवं सचिव सरपंच से बात कर लीजिए इतने मकान तो नही आए है, अगर आए होंगे तो मेरी जानकारी में नही है।

जयदेव शर्मा जनपद पंचायत
सीईओ अमरवाड़ा।

### संत चावरा नेशनल अकादमी में हुआ नया सत्र प्रारम्भ

**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी में 1 अप्रैल को नया अकादमी सत्र प्रारम्भ हुआ । सत्र का प्रारम्भ शाला के प्राचार्य फादर डॉ थॉमस , प्रबंधक फादर केल्विन , मैनेजर फादर जॉनसन , उपप्राचार्य सिस्टर गिफ्टी के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।सत्र के प्रथम दिवस कक्षा नर्सरी से नवमीं तथा ग्यारहवीं के छात्र - छात्राओं के लिए रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गई। छोटे - छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सिनेमैटिक डांस ने सबका मन मोह लिया।नए सत्र के प्रारंभ में सन साइन कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों के द्वारा स्केटिंग तथा कराटे का अदभुत प्रदर्शन किया गया जिसकी सभी ने सराहना की।विद्यालय के मैनेजर फादर जॉनसन के द्वारा सभी छात्र - छात्राओं के लिए स्वागतीय भाषण देकर सभी का अभिनंदन किया गया।

# आईपीएल क्रिकेट में लग रहा लाखों का सट्टा

## पुलिस की अनदेखी से कर्ज में डूब गए कई परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



कम समय में ज्यादा रुपए कमाने के चक्कर युवाओं का रूझान सट्टेबाजी की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान में चल रहे आईपीएल क्रिकेट में युवा रोज लाखों रूपए के सट्टा खेल हारजीत का दांव लगा रहे हैं। बीस-बीस ओवर के प्रचलन में आने के बाद जहां क्रिकेट में ग्लैमर का प्रवेश हुआ वहीं आईपीएल के शुरू होने से सट्टेबाजों की चांदी हो गई है।

हर रन, हर बाल व हर विकेट पर लोगों को सट्टेबाजी का जुनून सवार है।शहर तो शहर, गांव-गांव गली-गली सट्टेबाजों की धमक सुनाई दे रही। हर वर्ष आईपीएल का सीजन शुरू होते ही सट्टेबाज सक्रिय हो अपना कारोबार आरंभ कर देते हैं। आईपीएल सट्टेबाजों का केन्द्र यू तो महानगर बताए जाते हैं। लेकिन बड़े शहरों से भी इसकी डीलिंग की खबर है। चौरई (कृषि अंचल )तो सट्टेबाजी के बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित हो गया है।

मेन मार्केट में दर्जनों युवकों द्वारा आईपीएल में सट्टा लगाने के कारण कर्ज में आ गए हैं।बताया जाता है कि नगर के कई संभ्रात परिवारों के नवयुवक आइपीएल में सट्टा के लिए बोली लगाते हैं और लोगों को सट्टा खिलवाते हैं। भारी भरकम राशि उन्हें कभी तो मिल जाती है और कई बार हाथ से निकल जाती है। जिसके लालच में युवा अपना कैरियर तबाह कर ले रहे हैं। नगर में ऐसे कई परिवार हैं जिनके बच्चे आईपीएल के सट्टे में कर्ज में डूब गए हैं।

आईपीएल में सट्टेबाजी की खबर पुलिस को भी है लेकिन उसके द्वारा अब तक इस और इसके रोकथाम के लिए न तो कभी प्रयास किया गया और नही अब तक कोई कार्रवाई की गई परिणाम स्वरूप सट्टेबाज बेखौफ हो अपना धंधा संचालित कर रहे हैं।

### गाहनी करने के दौरान महिला की गई जान

**परासिया:** समीपस्थ ग्राम पंचायत हर्रई में मंगलवार - बुधवार दरमियानी रात गेहूँ की गाहनी करने के दौरान एक महिला की मौत हो गई । महिला हर्र ई बस्ती की रहने वाली सावित्री पति राजकुमार कुमरे बताई जा रही है । मंगलवार - बुधवार रात बारिश होने की आशंका के चलते वह अपने परिजनों के साथ महुआ नाला स्थित गेंहू की गाहनी करने अपने खेत में गई । यहां थ्रेसर मशीन के बेल्ट में उसकी साड़ी फंस जाने से वह मशीन से सिर के बल टकरा गई । मशीन में लगी लोहे की राड से उसका सिर टकराया , जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी । खेत में उसके साथ मौजूद परिजनों ने उसे परासिया अस्पताल लाया । जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया । पुलिस ने मर्ग कायम कर महिला का शव परीक्षण करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### स्कूल में विद्यार्थियों का नए सत्र के दौरान हुआ स्वागत

**जुन्नारदेव** : नगर के प्रतिष्ठित उड़ान पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ की गई। विद्यालय में प्रवेश करते ही छात्रों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह चरित्र निर्माण का भी माध्यम है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी नए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें विद्यालय के नियमों एवं शिक्षण पद्धति से अवगत कराया।

# कन्या विवाह को लेकर हुई बैठक, जिम्मेदारियों का हुआ आबंटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद सभा गृह परासिया में बुधवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत कन्या विवाह को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमें अधिकारियों को जिम्मेदारियां का आमंत्रण किया गया ।

बैठक की शुरुआत कांग्रेसनीत नगर पंचायत अध्यक्षों ने समीति में उनका नाम नहीं रखे जाने को लेकर आपत्ति व्यक्त की । जिस पर एसडीएम ने उनकी आपत्ति से कलेक्टर को अवगत कराने की बात कही । इसके बाद एस डी एम पुष्पेन्द्र निगम ने बारी - बारी विवाह की व्यवस्थाओं पर चर्चा की । जिसमें कार्यक्रम स्थल ई डी सी ग्राउंड में पाल - पंडाल की व्यवस्था , बारात ठहराने के लिए कार्यक्रम स्थल के समीप ही एक लान में कराया जाना तय हुआ । दुल्हा - दुल्हन को घर से ही तैयार हो आने के निर्देश देने के लिए चारों निकाय के सी एम ओ , जनपद सी ई ओ को निर्देश दिए । जय माला की व्यवस्था , बाजे और पटाखे की व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई । बी ई ओ श्री राम धुर्वे और बी आर सी श्याम गुन्हरे को वर - वधुओं को तैयार करवा कर विवाह स्थल पर लाने की जिम्मेदारी दी गई ।

सभी को अपनी जिम्मेदारी और तैयारी पूरी कर अगली बैठक जो 7 अप्रैल को होनी में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं । बैठक में विधायक सोहन वाल्मीकि , जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान , परासिया नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , भाजपा नेता परमजीत विज , परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , नपं बड़कुही अध्यक्ष भरत डहरिया , चांदामेटा नपं अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया , न्यूटन नपं अध्यक्ष अनुपमा राय , जिला पंचायत सदस्य अरूण यदुवंशी , कमलेश उईके , परासिया भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , निकाय के सी एम ओ राहुल कौरव , भरत गजबे , अजय ठाकरे , साक्षी वाजपेयी सहित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे ।

### 24.99 लाख की लागत से होगा जनपद सभाकक्ष का निर्माण

**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ में आज 24.99 लाख रुपए की लागत से जनपद सभाकक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया,ज्ञात हो कि बिछुआ जनपद में सभाकक्ष को लेकर काफी दिनों से मांग थी, 5 वीं वित्त की राशि से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि समस्त विभागों की बैठक लेने की लिए सभाकक्ष का निर्माण करना आवश्यक है,जिस कार्य का आज जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन किया गया,इस दौरान मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद सदस्य पाला सरयाम,वरिष्ठ नेता कुंडलीक परतेती, इंद्रपाल पटेल,संतोष भलावी,जनपद सीईओ सुरेश कुमार इंदौरकर,सहायक यंत्री पी आर अतुरकर,उपयंत्री पंकज साहू,सूर्यवंशी सर,रजत वानखेड़े,मनोज साहू,असलम खान,सुनील साहू,किरण कुड़ोपे,सहित अन्य अधिकारी बंधु एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

# कलेक्टर, सीईओ और श्री यादव ने विद्यार्थियों को भेंट किए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के शासकीय हाईस्कूल सागरपेशा में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत आज जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं भविष्य से भेंट कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, शेषराव यादव, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल, सहायक संचालक जिला परियोजना समन्वयक जे.के. इडपाचे, बीईओ, सभी एपीसी, बीआरसी, बीएसी, सीएसी छिंदवाड़ा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ना रहा।

**नवप्रवेशी छात्रों का फूलों की वर्षा कर स्वागत, उपहार किए भेंट-** कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों का विशेष स्वागत किया गया। उन्हें फूलों की वर्षा के साथ शिक्षा की दुनिया में पहला कदम रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, उन्हें उपहार स्वरूप पेन भेंट कर यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही उनके उज्जवल भविष्य की कुंजी है। पिछले सत्र में लगातार उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स को भी पुरस्कृत कर उनकी मेहनत को सराहा गया। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही उज्जवल भविष्य की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें और विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन दें।

शेषराव यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार सुधार हो रहा है। कई स्कूलों में निजी विद्यालयों से भी बेहतर पढ़ाई हो रही है, जो गर्व की बात है।



## पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण, भक्तों की उमड़ती रही भीड़

# आस्था और चमत्कार का प्रतीक है अनहोनी का गर्म कुंड ज्वाला देवी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील के ग्राम अनहोनी में स्थित गर्म कुंड के समीप मॉ ज्वाला देवी मंदिर एक विशेष धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है।

### गर्म कुंड का अद्भुत रहस्य

गर्म कुंड मंदिर में 24 घंटे गर्म पानी का प्रवाह होता रहता है, जिसे एक चमत्कार माना जाता है। यह पानी भौगोलिक प्रक्रिया के कारण प्राकृतिक रूप से गर्म रहता है, और मान्यता है कि इसमें स्नान करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है।

### धार्मिक महत्व और मान्यता

इस स्थान को भक्तगण बहुत ही पवित्र मानते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि गर्म कुंड में स्नान करने से न केवल शारीरिक कष्ट दूर होते हैं, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।

### मकर संक्रांति का विशेष मेला



प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में मकर संक्रांति के अवसर पर गर्म कुंड मंदिर में एक भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं और आस्था के साथ मां ज्वाला देवी के दर्शन करते हैं। गर्म कुंड का पानी अत्यधिक गर्म होता है, जिसे ठंडा करके स्नान के लिए उपयोग किया जाता है। यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। गर्म कुंड मंदिर, अपनी प्राकृतिक विशेषताओं





## चौरसिया समाज की मंगल भवन में बैठक लेकर बनाई रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रामनवमी के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चौरसिया समाज छिंदवाड़ा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का का आयोजन मंगल भवन में हो रहा है इस आयोजन में चौरसिया समाज छिंदवाड़ा द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं को अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करने और समाज को ऊंचाईयों की बुलंदियों की ओर ले जाने का आग्रह किया गया है। चौरसिया समाज छिंदवाड़ा अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया एवं सचिव अभिषेक चौरसिया ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के प्रत्येक चौरसिया समाज के घरों घर समाज की टीम दस्तक देकर आमन्त्रण दे रही है। चौरसिया समाज छिंदवाड़ा ने इस सामाजिक समागम में समस्त लोगो से अपनी उपस्थिति देकर एक दिन (24घण्टे) समाज के नाम को लेकर समाज की प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वाहन किया है। समाज द्वारा रामनवमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में दिनांक 6 अप्रैल 2025 दिन रविवार को विशाल वाहन रैली प्रातः 8 बजे चाय-नास्ता के पश्चात चौरसिया मंगलभवन से प्रारंभ होकर श्री डोमन गुरु बाबा राधाकृष्ण मन्दिर पंकज टॉकीज के पास षष्ठी माता मंदिर में पूजन करने पहुंचेगी।

## लखन वर्मा ने की भविष्य से भेंट कार्यक्रम की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

आज सरकार के ₹ सर्व शिक्षा अभियान₹ के अन्तर्गत ₹ भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम की शुरुआत में विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा ने अपने स्वयं के व्यय से अपने ग्रह ग्राम के शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला में नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया एवं उनका उत्साह वर्धन किया।सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसमें आज प्रभारी श्री वर्मा ने अपने ग्रह ग्राम के स्कूल पहुंचे एवं बैग वितरण के साथ साथ बच्चों को अपने जीवन की शिक्षा सर्वोपरि से संबंधित रोजक कहानी सुनाई और शिक्षा का सर्वोपरि महत्व बताते हुए प्यारे बच्चों का स्नेह पूर्ण उत्साहवर्धन किया। सरकार द्वारा भविष्य से भेंट कार्यक्रम में स्थानीय वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय नेता एवं सफलतम-व्यक्तित्व के लोग स्कूल पहुंचकर अपने जीवन की कहानी और सफलता में शिक्षा का अद्वितीय महत्व का वर्णन करते हुए शिक्षा के सर्वोपरि महत्व पर ध्यान केंद्रित करेंगे एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत यह एक अनोखी पहल है।कार्यक्रम में- वरिष्ठ नेता रामसरन पटेल, स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक -शिक्षिकांए, ज्ञानचंद डेहरिया, प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

### नवरात्र पर्व पर महाआरती का विशेष आयोजन

**जुन्नारदेव।** नवरात्र के इस पावन अवसर पर नगर की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री राम मंदिर में प्रति दिवस सांध्यकालीन महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नगर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक, धार्मिक व सामाजिक धरोहर श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति, जुन्नारदेव के तत्वावधान में किया जा रहा है। नगर के श्री राम मंदिर में प्रति दिवस की शाम को मां भगवती की संगीतमय आरती की जा रही है। साथ ही इसी क्रम में भगवान श्रीरामजी, श्री हनुमानजी एवं श्रीशंकरजी की भी आरती के साथ वंदना की जा रही है। इन समस्त आरतियों के समापन के उपरांत श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा फलाहारी प्रसाद का वितरण किया जाता है। श्री रामलीला एवं दुर्गोत्सव समिति के द्वारा नगर के समस्त व्यापारीजन, गणमान्यजन, जनप्रतिनिधिगण एवं मातृशक्ति से इस सांध्यकालीन आरती में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन किया गया है। नवरात्र की इस पावन अवसर पर लगातार 9 दिनो तक मां भगवती की आरती का नियमित कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक डेहरिया ने शाला परिवार को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



आज एकीकृत शासकीय हाई स्कूल बरेलीपार में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ₹भविष्य से भेंट ₹ लक्ष्य को लेकर विद्यार्थियों से वार्तालाप करने व विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अरविंद डेहरिया की गरिमा में उपस्थिति में विद्यालय परिवार के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती मां के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कार्यक्रम संपन्न किया गया।कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए श्री डेहरिया के द्वारा विद्यार्थियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।विद्यार्थियों द्वारा हस्तकला से निर्मित गुलदस्ते देकर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महोदय का स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार में वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।साथ ही नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, अनुशासन, खेलकूद आदि गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरण किया गया।₹भविष्य से भेंट ₹के संदर्भ में ग्राम से आमंत्रित अतिथि के तौर पर सुश्री ज्योति इवनाती के द्वारा उद्बोधन के साथ बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही जन शिक्षक श्री नंदकिशोर साहू के द्वारा भी विद्यार्थियों को नियमित स्कूल में उपस्थित होने एवं बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महोदय आदरणीय श्री डेहरिया जी के द्वारा विद्यार्थियों को सभी शैक्षणिक बिंदुओं पर चर्चा के दौरान सफल विद्यार्थी व होनहार, देश भक्त नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।



## प्रभात फेरी में उमड़ रहा जनसैलाब

**परासिया** :- चैत्र नव रात्रि एवं राम नवमी पर्व में परासिया नगर के सभी वार्डो में सुबह 5 बजे से श्री राम नाम कीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन जन सैलाब उमड़ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को वार्ड क्रमांक 12 जैन मन्दिर से हनुमान मंदिर, सरस्वती स्टेज से होते हुए कुम्हारी मोहल्ला, चीप हाउस से वार्ड नम्बर 15 में प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया। वार्ड को दुल्हन की तरह सजाया गया। द्वार गेट बनाये गए। रंगोली की सजावट की गई। तोरण झण्डे लगाए गए। प्रभात फेरी पर पुष्प वर्षा की गई। भक्तों ने स्वल्पाहार मिठाई, लड्डू, अंगूर, केले, चॉकलेट, तरबूज, फरारी चूड़ा, चाय, साबूदाना की खिचड़ी, पानी का वितरण किया गया। आज की प्रभात फेरी में बहुत अधिक संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। ऐसा लगा मानो भक्तों का जन सैलाब उमड़ गया हो। सभी वार्ड वासियों ने रात भर सजावट कर कार्यक्रम को सफल बनाया। वार्ड नम्बर 15 में रैली बड़ी पुलिया से होते हुए दुर्गा मंदिर रेस्क्यू ग्राउण्ड से होते हुए मारोती नन्दन, हनुमान मन्दिर चौक से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सामने से शिव मन्दिर में समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### टैक्स बसूली के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपसि सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभांशु पिता राजेश कुमार गुप्ता उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 8 द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते मै नगर परिषद सालीचौका में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हूं और संपत्ति तथा जलकर बसूली का कार्य करता हूं। बीते हुये दिवस जब में अपनी साथी कुलदीप रोहेला के साथ नगर के टावर मुहल्ला निवासी नंद किशोर रजक के घर टैक्स बसूली करने के लिये करने के लिये गये हुये थें तो पता चला की वह घर पर नही है। इसके बाद हम उनकी सब्जी बाजार स्थित दुकान पर पहुंचे जहां पर उनका लड़का जितेन्द्र मिला तो हमने उससे बोला की आपके पापा के नाम से नगर परिषद का मकान तथा पानी की टैक्स बकाया है उन्हें बोल देना की जमा कर देवे। उसी दौरान जितेन्द्र गंदी गंदी गालिया देते हुये बोलने लगा कि तुम्हारी बजह से मेरा प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम नही आया है। इस बात पर प्रार्थी द्वारा कहा कि उस योजना के संबंध में हम नही बता सकते है। इसी बात को लेकर वह गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चार पहिया गाड़ी की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर की गिरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा साला छोटू उर्फ पवन केवट बनखेड़ी से आ रहा था उसी दौरान शनि मंदिर के पास एक चार पहिया गाड़ी क्रमांक MP20CG3273 के चालक द्वारा तेज गति तथा लापरवाही पूर्वक अपनी वाहन को चलाकर प्रार्थी के साले की मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मारते हुये चोट पहुंचाई।

## जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक में बोली विभा पटैल, महिला अत्याचार की घटनाओं में हमारा प्रदेश नम्बर एक पर पहुंच चुका है...

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की की अध्यक्ष श्रीमति विभा पटैल का बीते हुये दिवस नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली गई। इस मौके पर भारी संख्या में जिले भर की महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लेकर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने बैठक को संबोधित कर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मासूम बच्चियों व महिलाओं के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो रही है। इस तरह महिला अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश एक नंबर पर पहुंचता नजर आ रहा है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। हाल यह बन चुका है कि प्रदेश में प्रतिदिन 20 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं सामने आने से नही चूक रही है। अनेक मामलों में तो खुद ही सत्ताधारी पार्टी से जुडे हुये लोगों के चेहरे सामने आते हुये देखे जा रहे है। हाल यह बन चुका है कि अब महिलाये व बेटियाँ अपने घरों के अंदर तक अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी महिलाओं के सम्मान एवं उनको न्याय दिलाने के लिए पूरे प्रदेश में बेटी बचाओ पखवाड़े का आयोजन कर धरना प्रदर्शन के माध्यम से




प्रदेश की सरकार को जगाने का काम कर रही है। यह महिला कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। जिला से लेकर ब्लाक स्तर पर भी धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। पटैल ने कहा कि जिला कांग्रेस जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करें महिलाए एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करे ओर आने वाले समय मे नाकारा निकम्मी सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहे। क्योंकि भाजपा सरकार जिस प्रकार से बेरोजगारी महंगाई, अत्याचार के मामलों में मौन धारण कर झूठे सपने दिखाकर धर्म जाती के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। इस मौके पर क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटेल नव रात्रि पर मौन ब्रत होने के बाद भी उन्होंने इशारे से विभा पटेल के संबोधन का समर्थन किया। वही महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री गाडरवारा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता रविशेखर जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की करनी ओर कथनी में बहुत अंतर है7 आज पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बन चुका है हाल यह बना हुआ है कि बेटी, बहुओं से लेकर महिलाये अपने घरों के अंदर तक अपने आपको असुरक्षित करते हुये देखी जा रही है। आये दिन महिलाओं वे बेटियों के साथ घटनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। जिसकी सच्चाई नरसिंहपुर जिले में देखी गई है कि एक माह के अंदर मासूम बेटियों से लेकर युवतियों के साथ लगातार दुष्कर्म व हत्या की घटनाओं ने प्रदेश सरकार को आईना दिखाते हुये कटघरे में खड़ा कर दिया गया है। इस तरह नरसिंहपुर जिले में लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हुई जिस पर महिला कांग्रेस ने विरोध जताया। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के हक के लिए लगातार लड़ाई लड़ रही है प्रदेश सरकार को चेताने के लिए महिला कांग्रेस बेटी बचाओ पखवाड़ा गाँव गाँव, नगर, वार्डो में चलाकर महिलाओं को जागृत करेगी। जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव ने कहा कि जिले में अभी अभी हुई दुष्कर्म की घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे प्रदेश का क्या हाल है। भाजपा एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। मगर वहीं भाजपा के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है तो फिर इस तरह के झूठे नारे सिर्फ आमजन को गुमराह के आलवा कुछ नही है..? नारी शाक्ति को सड़कों पर उतरकर सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए सबक सिखाना होगा। इस मौके पर महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष संगीता जायसवाल ने भी भाजपा सरकार की दोगली नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सभी मोर्चो पर असफल है। महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों से भाजपा सरकार दूर भाग रही है। बैठक का संचालन करते हुए श्रीमति चांदनी दीक्षित ने भाजपा सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा अब नारी शक्ति जाग चुकी है। अब पूरे प्रदेश में महिला कॉग्रेस का बेटो बचाओ पखबाड़ा संगठन को शक्ति प्रदान करेगा। बैठक के अंत में श्रीमति सुरेखा सैनी ने आभार प्रदर्शन करते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## अनुविभागीय अधिकारी कलावती द्वारा बीटीआई स्कूल पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में हुई शामिल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी टी आई मे बीते हुये बुधवार को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कलावती ब्यारे अनुविभागीय अधिकारी शामिल हुई। कार्यक्रम मे अध्यक्षता करते हुये प्रतुल इंदुरख्या विकासखंड शिक्षा अधिकारी साइखेड़ा द्वारा शासन की योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप मे संदीप स्थापक बी आर सी साइखेड़ा, योगेंद्र वाजपेई उमंग किशोर परामर्शदाता सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा शामिल हुए। कार्यक्रम मे अतिथियों ने संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल की उपस्थिति मे मां सरस्वती के चित्र का पूजन करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही एसडीएम श्रीमति ब्यारे ने विद्यालय के प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्वयं की जीवन शैली के बारे में जानकारी देते हुये उन्होंने व्यक्तित्व और कैरियर निर्माण में शिक्षा कैसे सहयोगी हो सकती है इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। वही दूसरी ओर शिक्षकों को पढ़ाई के अलावा सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों को ज्ञान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम मे प्राचार्य श्रीमती पटेल ने नए भविष्य से भेंट कार्यक्रम के साथ नए शैक्षणिक वर्ष की नवीन योजना से जुडी जानकारी देने के अलावा कार्यक्रम में राजेश दुबे, शिल्पी गुप्ता, सरिता मालवीय, सुषमा तिवारी, मनमोहन शर्मा, के के राजोरिया द्वारा भी विद्यार्थियों से अपने-अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का संचालन अर्पणा ब्राउन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बलिराम अहिरवार, पुष्पा बरहैया,केवी कौरव,प्रमोद राय, सविता मिश्रा,गीता राय, गोपाल साहू सरिता कटारे,कुंती मेहरा, राघवेंद्र शर्मा अंकिता जायसवाल,रामदेवी पटेल, विवेक दीक्षित,अवधेश श्रीवास्तव, रोहित बाल्मिक रिनी जैन उपस्थित रहेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नवरात्र के दौरान ग्राम सूखाखैरी में बह रहे धर्म की गंगा में गोता लगा रही भक्तगण

### भगवान ज्ञानी को नही सच्ची भक्ति करने वाली भक्त को दर्शन देते है- पं. वीरेन्द्र शास्त्री



**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी के सोनी परिवार द्वारा 2 अप्रैल से से 8 अप्रैल तक आयोजित किये गये संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन देखा जा रहा है कि जहां भक्तो की संख्या उमड़ रही है। वही दूसरी दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा व्यास के रूप में ग्राम तेंदूखेड़ा छोटा से पधारे हुये कथा वाचक प. वीरेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अपनी मृतपूर्ण वाणी से वर्णन किया जा रहा है उसके चलते श्रोतागण भाव विभोर होने से नही चूक रहे है। कथा के के दौरान शास्त्री द्वारा भगवान के चरित्र का वर्णन सुनाने के साथ शिव पार्वती की कथा सुनाई गई। भगवान की कथा का वर्णन सुनाते हुये वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता है, जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भले की कोई व्यक्ति कितना ही धनवान व ज्ञानी क्यों न हो मगर भगवान ज्ञानी को नही अपितु भक्त को ही दर्शन देते हैं। जो भक्त सच्चे मन से भगवान को पुकारता है तो भगवान उसी को प्राप्त होते है। भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। मगर उनके पिता हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। इस तरह पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उन्हे ही जान से मारने की ठान ली थी। मगर प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। वही महाराज जी ने कथा में आगे बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। क्योंकि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। इस दौरान कथा में जड़ भरत चरित्र का वर्णन करते हुए यह बताया कि जो संत संसार का संग करते हैं, उन्हें पतन की ओर जाना पड़ता है, पर जो संसारी लोग संत का संग करते हैं, उनकी स्थिति उच्च हो जाती है। इसलिए संत को संसार के पदार्थों की आसक्ति से दूर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो हम पाप करते हैं वही एक प्रकार से नर्क की प्राप्ति कराने वाला होता है। पाप कर्म से बचना व तुच्छ कर्मों से बचना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

## शहीद नगरी चीचली की शालाओं में उत्सव के साथ किया गया नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शासन के आदेश अनुसार बीते हुये दिवस स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान 2025 के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव द्वारा विद्यार्थियों को समय की सार्थकता, निश्चित टाइम टेबल, उचित मार्ग दर्शन तथा सत्र प्रारंभ से ही लक्ष्य निर्धारण की बात कहते हुये उनके द्वारा विद्यालय को हर संभव सहायता देने की बात पर बल दिया गया। इसी प्रकार से भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव के द्वारा विभिन्न उदाहरणो के साथ विद्यार्थियों को भगवान राम, स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की बात कही गई। इसी प्रकार से भाजपा नेता के एल साहू, चंद्रकांत गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी द्वारा भी संबोधित किया गया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा चार दिवसीय शाला प्रवेश उत्सव से संबंधित समस्त गतिविधियों से परिचय तथा विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा विद्यालय संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती तथा कन्या पूजन उपरांत नवीन बच्चों का रोली तिलक लगाकर स्वागत तथा निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के सेट वितरित किए गए। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा, सत्यम ताम्रकार, शिवम नागा, के आर रजक,भारत ताम्रकार सहित उत्कृष्ट विद्यालय चीचली एवं एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला चीचली का समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विनीत नामदेव तथा आभार प्रदर्शन हेमंत शुक्ला द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

### मांझी ढीमर समाज ने मनाई महाराज निषादराज जयंती

**निवास।** पिछले कई वर्षों से निवास क्षेत्र के मांझी ढीमर समाज द्वारा निषादराज महाराज जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है, कभी नाव में केवट निषादराज की बैठी हुई झांकी तो कभी रथ पर भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता के रूप से सुसज्जित बच्चों की शोभायात्रा निकाली जाती है, उक्त जयंती पर चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों के साथ छोटे बच्चे भी शामिल होकर खुशी से नाचते झूमते रहे। निवास के स्टेडियम ग्राउंड से शुरू हुआ चल समारोह खेरमाई सहित नगर भ्रमण करते हुये पुरानी बस्ती स्थित श्रीराम व राधा कृष्ण मंदिर में समापन हुआ। शिक्षक संतोष बर्मन ने कहा कि आज समस्त मानव समाज को महाराज निषादराज के बताये पद चिन्हों पर चलते हुये हमें अपना जीवन सुखमय बनाना चाहिये।

### ग्राम टिकरी टोला में रिचा गोस्वामी द्वारा की जा रहा है देवी भागवत कथा

**भुआबिछिया।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ दिवसीय श्री मददेवी भागवत कथा का 30 मार्च से 7 अप्रैल तक के खैरमाई बम्हनी बंजर टिकरी टोला के आयोजन में श्री मददेवी भागवत कथा की व्यासपीठ पर युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी को सुनने के लिए दूर दूर से श्रध्दालु पहुंच रहे हैं इस अवसर पर आज बिछिया से पूर्व जनपद अध्यक्ष ज्योत सिंह ठाकुर बिछिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि टेक राम राय, जिला कांग्रेस महामंत्री अशोक राजपूत, समाजसेवी दादा भाई विश्वकर्मा, झुन्ना ठाकुर, अरुण पांडे, सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु कथा का रसपान करने पहुंचे सभी लोगों ने युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी का साथ श्रीफल से सम्मानित किया और कथा श्रवण किया।

### शिक्षकों का आयोजित हुआ स्नेह सम्मेलन

**मण्डला** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मण्डला के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित झंकार भवन में शिक्षकों का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें अन्य जिले के शिक्षकों की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों के साथ और अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के पूजन से हुआ। श्रीमती इंद्रा सिंगरौरे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के ऊर्जावान, कर्मठ, जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षक समुदाय में एक नया उत्साह उत्पन्न होता है और इसका सीधा लाभ विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को मिलता है। आपने कहा कि शिक्षक, शिक्षा और छात्र हित में उनके प्रयास सदैव जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने स्नेह सम्मेलन के उद्देश्यों, महत्व को बताते हुए संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉक्टर श्रत्रबीर सिंह राठौर ने मंडला जिले के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन को समस्त शिक्षकों के लिए एक आवश्यक और अनिवार्य मंच बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से शिक्षकों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है और वे अपनी उपलब्धियां व समस्याओं को एक उचित मंच के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत कर पाते हैं। स्नेह सम्मेलन में असीम गौतम प्रांत प्रमुख, डी.के. सिंगौर प्रांतीय अध्यक्ष ट्राईबल वेलफेयर टीचर एसोसिएशन, डॉक्टर विजय तिवारी जिला संगठन मंत्री जबलपुर, आशीष तिवारी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर, दिनेश मिश्रा जिला सचिव जबलपुर, सत्य प्रकाश त्यागी सहसंयोजक नरसिंहपुर, प्रवीण पाराशर नगर सचिव जबलपुर, कालीचरण राय उपाध्यक्ष जबलपुर, मेघराज नागपुरेजिला संगठन मंत्री बालाघाट, दामेंद्र मन्दरेले तहसील अध्यक्ष खैरलांजी बालाघाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहते हुए अपने विचार रखें। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकासखण्डो, तहसीलों से शिक्षक, शिक्षिकाओं की भारी मात्रा में उपस्थित रहीं।

# धूमधाम से शोभा यात्रा निकाल किया गणगौर विजर्सन

अग्रवाल समाज के तत्वाधान में आयोजित गणगौर विसर्जन का कार्यक्रम पूरे राजस्थानी परम्परा के साथ संपन्न हुआ। 16 दिनों तक पूजन-अर्चन के बाद गुरूवार को शहर विभिन्न घरों में स्थापित गणगौर की धूमधाम से शोभा यात्रा निकालकर मठ मंदिर तालाब में विर्सजन किया गया।

सिवनी

मंगलवार शाम करीब 5 बजे शहर के दुर्गा चौक से आकर्षक साज-सज्जा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। अग्रवाल समाज व राजस्थानी महिला मंडल द्वारा निकाली गई यात्रा में डीजे के धुन पर महिलाओं व युवतियों ने डांस किया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा व आकर्षक परिधान में नजर आई। महिलाओं ने गणगौर सजावट सहित अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पारंपरिक गीत-संगीत व नृत्य के साथ गणगौर का विसर्जन किया। दुर्गा चौक से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा गिरजा कुंड, नेहरू रोड, नगर पालिका चौक, शंकर मढ़िया, महावीर मढ़िया होते हुए मठ तालाब घाट पर पहुंची, जहां हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष अनुसार नवविवाहित बहू-बेटियों द्वारा राजस्थानी परपंरा व संस्कृति अनुसार 16 दिनों तक गणगौर की स्थापना कर पूजन किया जाता है। इस दौरान महिलाओं की कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 1 अप्रैल मंगलवार को पारंपरिक रूप से गणगौर विसर्जन का जुलूस बाजे-गाजे के साथ निकाला गया। इस दौरान राजस्थानी महिला मंडल और अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों की मौजदूगी में गणगौर का विसर्जन कराया गया। इससे पहले दुर्गा चौक स्थित माता राजराजेश्वरी मंदिर में गणगौर सजाकर अग्रवाल समाज की महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान नवविवाहित बेटियों व बहुओं के कार्यक्रम आयोजित किए गए।जगह जगह में शीतल पेयजल, लस्सी आदि से शोभा यात्रा का स्वागत की गई। इस दौरान नवविवाहित कोयल, राशी, पारूल, आयुषी, रानू अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कृत किया गया। युवतियों ने मठ मंदिर परिसर में राजिस्थानी गाने पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी। मठ मंदिर समिति ने विसर्जन के लिए घाट पर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई। राजस्थानी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल (भालोटिया), गणगौर विसर्जन को सफल बनाने में अग्रवाल समाज के बंधुओं, मठ मंदिर समिति, पुलिस प्रशासन व सभी संबंधितों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## पुलिस और शिक्षा विभाग में चयनित अभ्यार्थियों का हुआ सम्मान

### रानी दुर्गावती कोचिंग सेंटर लखनादौन, जिला सिवनी

हरिभूमि न्यूज लखनादौन

जिला सिवनी के लखनादौन ब्लॉक अंतर्गत संचालित रानी दुर्गावती कोचिंग सेंटर लखनादौन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा निकाली गई भर्तियों में पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग में चयनित अभ्यार्थियों का आयोजित किया गया सम्मान समारोह। विगत दो वर्षों से संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर जो कि वर्तमान में रानी दुर्गावती कोचिंग सेंटर के नाम से लखनादौन शहर में संचालित है।

यह कोचिंग ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं जो आर्थिक स्थिति से मजबूत नहीं है। उन्हें शैक्षणिक क्षेत्र में उठाने हेतु प्रयासरत है। शहर के सामाजिक, विचारी और बुद्धिजीवी अधिकारियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से कोचिंग संचालित है। सभी का प्रयास यही है कि बच्चों का भविष्य निर्माण हो और बच्चे एक अच्छी उपलब्धि हासिल करें।

आज के सम्मान समारोह में कोचिंग के सहयोगी और बुद्धिजीवी अतिथि के रूप में पहुंचे श्री रोशन नामी (शिक्षक), श्री रूपसिंह इनवाती (जनशिक्षक), श्री विनोद परते (शिक्षक), श्री दिलीप उईके (शिक्षक), श्री सतेन्द्र कुलस्ते (पुलिस) की उपस्थिति में सम्मान समारोह सफल हुआ।

उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मान समारोह में उपस्थिति विभागों में चयनित अभ्यार्थियों और विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हुए उचित मार्गदर्शन दिया गया।

चयनित अभ्यार्थियों में *श्री अनिल उईके (पुलिस), श्री गुलाब उईके (शिक्षक), श्री धर्मेन्द्र परते (पुलिस) विभागीय पदों पर नियुक्त हुए है।

## बंडोल कात्यानी सिद्ध पीठ में आज षष्टी का पूजन किया जाएगा

**बंडोल** माता के मंदिर में 651 मनोकामना कलश दूर-दूर से श्रद्धालुओं के द्वारा स्थापित किए गए हैं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र गुजरात यूपी उत्तराखंड सहित विदेश से भी अमेरिका ऑस्ट्रेलिया थाईलैंड से श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना कलश की स्थापना की गई है संवत सत्र 2051 (10 फरवरी 1995)को माता कात्यानी की प्राण प्रतिष्ठा जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के द्वारा की गई थी इस समय से लगातार अखंड ज्योत मंदिर के गर्भ ग्रह में जल रही है।

षष्ठी के दिन संप्रदायिकों का अनुभव है कि कोई भी वरार्थिनि कन्या माता कात्यानी का पूजन और व्रत को विधि पूर्वक करें तो उसका विवाह शीघ्र ही अनायास हो जाता है एवं मंगली आदि दोष भी खत्म हो जाते हैं कात्यानी सिद्ध पीठ के मुख्य पुजारी पंडित सत्येंद्र शास्त्री ने बताया कि जिस भी लड़का एवं लड़की के विवाह में बाधा उत्पन्न हो रही है तो उन्हें षष्ठी के दिन सिद्ध पीठ में आकर विशेष पूजन का लाभ उठाना चाहिए जिससे 6 माह के अंदर विवाह में आ रही अड़चन दूर हो और विवाह संपन्न हो जाए इस दिन सिद्ध पीठ में विद्वान पंडित राजकुमार शास्त्री लक्ष्मण शास्त्री नरेश शास्त्री नरेश पंडा के द्वारा विशेष पूजन किया जाता है। माता कात्यायनी का वर्णन भागवत महापुराण दशम स्कंध के 22वें अध्याय में ब्रज कुमारीयो के चीर हरण की श्री कृष्ण लीला का मनोहर प्रसंग महामुनी श्री सुखदेव महाराज ने राजा परिक्षित को सुनते हुए ब्रज की कुमारी कन्याओं द्वारा श्री कृष्णा को व रूप में प्राप्त करने के लिए जगदंबा योग माया कात्यानी की पूजा के व्रत का विधान बताया है। मृगशिर के महीने में ब्रज की कुमारीयो ने विधिपूर्वक उस कात्यायनी के व्रत और पूजन के फल स्वरुप श्री कृष्ण को पति रूप में प्राप्त किया था।परिवहन घोटाले के सरगना सौरभ शर्मा को सरकार और लोकायुक्त पुलिस के संरक्षण में मिली जमानत रद्ध कर दोषियों पर कार्यवाही नहीं किए जाने से नाराज जिले के कांग्रेसियों ने बुधवार को दोपहर अंबेडकर चौक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला फूंका व विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की। सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने बताया कि परिवाहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा करोड़ो रूपय के अवैध कमाई के मामले में लोकायुक्त ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किये थे जिसमें 10 करोड़ नगद, 54 किलो सोना और भी अन्य संपत्ति सौरभ शर्मा के पास मिली, प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और यह सब प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रियों की मिली भगत से हो रहा है।

अपराध दर्ज करने के निर्धारित समय के पश्चात न्यायालय में चालान प्रस्तुत करना होता है किन्तु लोकायुक्त पुलिस ने विधिक प्रावधानों को जानते-बूझते सौरभ शर्मा का चालान निर्धारित 90 दिनों के अंदर प्रस्तुत नहीं किया, फलस्वरूप बाई डिफाल्ट सौरभ शर्मा को जमानत मिल गई। जिससे यह स्पष्ट होता है कि लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के कहने पर जानबूझकर निर्धारित समय अवधि में चालान प्रस्तुत न कर भ्रष्टाचार के सरगना सौरभ शर्मा को जमानत का लाभ प्रदान करवा दिया।

भ्रष्टाचार के सरगना सौरभ शर्मा परिवाहन विभाग में आरक्षक के पद पर तैनात था, एक छोटे से पद में बैठे व्यक्ति के पास करोड़ो रूपय मिलना इस बात की ओर स्पष्ट संकेत देता है कि मध्यप्रदेश सरकार में बैठे मंत्रियों का संरक्षण इन्हें प्राप्त है प्रदेश की जनता को लूटने का काम इनके द्वारा किया जा रहा है।

महामहिम से निवेदन है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और परिवाहन विभाग में बैठे भ्रष्टाचारियों एवं लोकायुक्त पुलिस की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर भ्रष्टाचार के सरगना सौरभ शर्मा की जमानत रद्ध कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

## बंडोल पुलिस ने क्रूरतापूर्वक गौ वंश परिवहन पर की कार्यवाही

**06 नग नाटा व 01 नग बछड़ा कुल 07 नग गौवंश / मवेशी टाटा 407 पीकप कुल 8,25,000 रूपये का मशरूका जप्त**

बंडोल

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 02/04/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दाराअवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए एन एच 44 हाईवे रोड अलोनिया टोल टैक्स के पास बन्डोल मे टाटा 407 पिकअप वाहन क्र. एम पी 50 जी 1006 को नाकाबंदी कर पकडा गया। उक्त वाहन को चैक करने पर वाहन में 06 नग नाटा व 01 नग बछड़ा नाटा कुल 07 नग गौवंश / मवेशी ठूस ठूस कर क्रूरतापूर्वक जिनके सींग मुंह, गला पैर बंधे हुये मिले तथा वाहन में 04 व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम विनोद पिता बैजनाथ टेंभरे उम्र. 37 साल निवासी ग्राम मऊ थाना बरघाट व साथ में बैठे व्यक्तियों ने अपना अपना नाम आकाश पिता दीपचंद भंवर उम्र. 24 साल ग्राम मऊ एंव राजेश पिता बंशीलाल बरकड़े उम्र. 26 साल निवासी मऊ एंव आकाश पिता सुखराम मड़ावी उम्र. 22 साल निवासी मऊ थाना बरघाट के रहने वाले बताये तथा वाहन मे क्रूरता पुर्वक अवैध मवेशी परिवहन करते पाये गये कुल 07 नग गौवंश क्रूरता पूर्वक परिवहन करना एवं वाहन में भरकर कत्लखाने नागपुर ले जाना बताये। मौके पर कुल 07 नग गौवंश और टाटा 407 पिकअप वाहन क्र. एम पी 50 जी 1006 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। वाहन चालक विनोद पिता बैजनाथ टेंभरे उम्र. 37 साल निवासी ग्राम मऊ थाना बरघाट अन्य उक्ती तीन आरोपियों के विरूध्द धारा 4, 6, 9, म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 6,7, म.प्र. कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम, 6(क), 6 (ख) (1) म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. धारा 11 (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विधिवत कार्यवाही की गई।

## नंदिकेश्वर धाम स्थित श्री माता राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी एवं भगवान परशुराम मंदिर में 5 अप्रैल को माता का किया जाएगा लचछारचन

सिवनी

बरघाट रोड स्थित श्री परशुराम मंदिर नंदकिशोर धाम में विराजित माता राजराजेश्वरी एवं भगवान परशुराम मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर जहां 105 मनोकामना कलश जगमगा रहे हैं वहीं प्रतिदिन सहस्त्रार्जन और जस भजन का आयोजन हो रहा है आगामी 5 तारीख दिन शनिवार को शाम 4:00 बजे से माता का लचछारचन किया जाएगा और 6 तारीख दिन रविवार शाम 4:00 बजे हवन और कन्या भोज का आयोजन किया गया है साथ ही 7 तारीख को दिन सोमवार को 12:00 बजे से कलश विसर्जन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी देते हुए जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी जी ने सभी देवी भक्तों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम की गरिमा और भव्यता को बढ़ावे इस दौरान अशोक तिवारी विकास सोनू महाराज अजय मिश्रा जुगल किशोर दुबे संतोष अवस्थी राजेंद्र शर्मा ताराचंद दुबे अरविंदजा दुबे मंजू दुबे गीता अवस्थी प्रतिभा तिवारी दुर्गेश्वरी शर्मा शैली दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे

## पाठ्य पुस्तक मेला का हो आयोजन भाजयुमो जिला अध्यक्ष राहंगडाले ने की मांग

सिवनी

अशासकीय स्कूल संचालको द्वारा पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश को उचित मूल्य में निर्धारण कराए जाने एवं जिले में अतिशीघ्र पाठ्य पुस्तक मेला आयोजित किए जाने को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष युवराज राहंगडाले ने बालाघाट-सिवनी सांसद भारती पारधी एवं सिवनी विधायक दिनेशराय को पत्र लिखकर मांग की है। जहां विधायक ने मांग पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर अतिशीघ्र पाठ्य पुस्तक मेला आयोजित करने की बात कही है। राहंगडाले ने बताया कि नए शिक्षा सत्र 2025 प्रारम्भ होने पर जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले बच्चों की अच्छी शिक्षा हेतु नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश सामग्री का क्रय पालकों द्वारा किया जाता है, लेकिन विगत कुछ वर्षो से देखने में आ रहा है कि स्कूल प्रबंधनों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाए जाने के नाम पर शिक्षा का व्यवसायी करण को बढ़ावा देते हुए स्कूल संचालक पाठ्य पुस्तकों का बार-बार बदलते है। जिससे बढ़ी कीमतों की किताबें एमआरपी पर कुछ विशेष बुक डिपो संचालकों के माध्यम से ही उपलब्ध कराई जाती है। जिससे मध्यम वर्गीय गरीब परिवारों के पालकों पर भारी आर्थिक जिम्मेदारी बढ़ रही है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकारों की मनसा अनुरूप समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सिवनी जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों में एनसीई आरटी की किताबों की उपलब्धता अनिवार्यता से लागू करने की सुनिश्चितता हो, साथ ही वर्तमान शिक्षा सत्र के प्रारम्भ में ही जिले में पुस्तक मेला अतिशीघ्र आयोजित हो। जिससे हमारे जिले के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें उचित मूल्य पर उपलब्ध हो जाएगी और उन अभिभावकों पर होने वाले आर्थिक बोझ से राहत मिल सकेगी। उक्त जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है।

## पांडिया छपारा हायर सेकेंडरी स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ

**छपारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडिया छपारा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय को सुसज्जित किया गया।शिक्षकों में नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रति अत्यधिक उत्साह देखा गया। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर ही विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के सभा कक्ष में पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक, गणमान्य नागरिकों, छात्रों एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री पी. एन. भवदिया एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्या की आराध्य देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन कर नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ किया गया। तदुपरान्त मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.श्री मोहन यादव जी का भोपाल से प्रवेश उत्सव का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं गणमान्य नागरिकों तथा प्रभारी प्राचार्य के द्वारा छात्रों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के महत्व तथा नियमित उपस्तिथि के लिए प्रेरित किया गया। विदित हो कि मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विगत 20 मार्च से विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया।

### तिलक वंदन कर छात्राओं को भेंट की गई पुस्तकें

## शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव





**मण्डला।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत सभी शालाओं में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें प्राइमरी एवं मिडिल हाई स्कूल के छात्राओं को प्रवेश उत्सव के दौरान उन्हें तिलक बंधन कर पुस्तक वितरित की गई शासकीय हाई स्कूल मानेगांव में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा प्रचाय अंग्रेज सिंह उईके सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों को तिलक बंधन कर पुस्तक वितिरण की गई जिसमें एक शाला एक परिसर के तहत प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के छात्राओं को पुस्तक दी गई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मॉडल स्कूल कुडा मैली में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा आरके गुप्ता एवं नारायणगंज के गाणमान नागरिक में रघुनंदन विश्वकर्मा रतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में छात्राओं को अभ्यास पुस्तक दी गई इस तरह विकास खंड नारायणगंज के माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला सिगौधा प्राथमिक शाला बीजेगांव मानेगांव एक शाला एक परिसर खमरिया प्राथमिक शाला पिपरिया प्राथमिक शाला गवरी टोला मानेगांव एवं भौई टोला प्राथमिक शाला एक साल एक परिसर मैली में खंड संयोजक आरके गुप्ता के समक्ष प्रधान पाठक परम सुख सोनी एवं गांव के गणमान्य नागरिकों के इस कार्यक्रम में उपलक्ष में सभी छात्राओं को पुस्तक तिलक चंदन करके वितरित की गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा सभी शाला में उपस्थित होकर प्रवेश उत्सव के तहत छात्राओं को पुस्तक वितरित की गई नारायणगंज नारायणगंज के बालक नारायणगंज के बालक हाई स्कूल में प्रिंसिपल रानू बैन एवं ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमारतेकाम की उपस्थिति में चार छात्रों को पुस्तक इन तिलक बंधन कर भेंट की गई।

## मुठभेड़ में 2 खूंखार नक्सली धराशायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस ने आज एक बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के के.बी. डिवीजन (कान्हा भोरमदेव) की भोरमदेव एरिया कमेटी के 2 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरूद्ध लगातार आक्रामक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार-गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की आसूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। आज सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये सूझबूझ से नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 2 वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं।

## शिव-पार्वती-प्रेम, निष्ठा और भक्ति का प्रतीक

**मण्डला।** शिव पुराण का पाठ करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और दुर्भाग्य से छुटकारा मिलता है। शिव पुराण में शिव को पांच देवों में प्रधान अनादि सिद्धि और परमेश्वर के रूप में स्वीकार किया गया है यह बाते ग्राम घुघरा में चल रही शिव महापुराण के चौथे दिन की कथा में कथा वाचक पं.संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कही। शास्त्री जी ने बताया कि शिव-पार्वती विवाह प्रेम, निष्ठा और भक्ति का प्रतीक है। शिवपुराण कथा भक्ति और अध्यात्म की गहराइयों तक पहुंचाने का बड़ा साधन है। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान के सबसे बड़े भक्त महापंडित रावण ने शिव तांडव स्तोत्र की रचना की थी। प्रदोष व्रत के दिन शिव तांडव स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इससे मनचाही मनोकामना पूरी होती है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रावण ने जो स्तुति की, उसे शिव तांडव स्त्रोत कहते हैं। पं. संतोष शास्त्री ने बताया कि जब रावण ने शिव-पर्वत को उठाकर लंका ले जाने की कोशिश की, तब भगवान शिव ने अपने पैर की उंगलियों से पर्वत को दबा दिया और रावण विचलित हो गया।

